## सार-समाचार

### चार लाख 88 हजार रुपए जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** सलूंबर में आगामी विधानसभा उपचुनाव मद्देनजर सलूंबर थाना पुलिस की अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस ने गुरुवार को तीन कार्रवाई की। जिसमें 4 लाख 88 हजार रुपए जब्त किए। दूसरी कार्रवाई में एक बदमाश को गुप्ती लेकर घुमते हुए गिरफ्तार किया।वहीं, 3 फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि गणेश घाटी पर नाकाबंदी के दौरान वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी झल्लारा की तरफ से आती हुई एक सफेद कार को रुकवाकर चैक किया। उसमें राकेश पिता शंकरलाल और हितेश पिता शंकरलाल बैठे हुए थे। उनके बैग चेक किए तो उनमें 4लाख 88 हजार रुपए मिले। उनके पास इसके कोई वैध कागजात नहीं थे।पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 106 के तहत रुपए जब्त कर लिए। दूसरी कार्रवाई सलूंबर से भई रोड की तरफ हाथ में गुप्ती लेकर लोगों को धमकाने वाले युवक पर की। पुलिस ने आरोपी चेतन भोई पिता लखमा को गिरफ्तार किया। तीसरा कार्रवाई में फरार 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें नाना उर्फ नारिया, खेमराज और परसराम को गिरफ्तार किया।

### जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित पिंटू कुमार शर्मा पुत्र ललीत कुमार ब्राम्हण निवासी पीपाड़ जोधपुर हॉल जे ब्लॉक गोवर्धन विलास सेक्टर 14 ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बतायरा कि 31 अक्टूबर को मैं अपने मकान पर ताला लगा कर गांव गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाश की तो सोने चांदी के जेवरात व 25 हजार से अधिक की नकदी गायब थी। चोरी गए जेवरात की सूची बाद में देने की रिपोर्ट देते हुए प्रकरण दर्ज करवाया। इसी प्रकार शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने मोहम्मद सलीम शेख पुत्र गुलाम रसूल निवासी खांजीपीर की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ पटेल सर्कल पर 5 नवंबर को चालक ने वाहन खड़ा किया था। जो दूसरे दिन नहीं मिला।

### हादसे में दो युवकों की मौत

**उदयपुर, (कासं)।**बाघपुरा थाना क्षैत्र में हुए सडक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सांय बाघपुरा थाना क्षेत्र बारी गांव रोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया था। हादसे में गंभीर घायल तलाई गांव निवासी पुष्कर (22)पुत्र किशनलाल वडेरा, गिरधारी (23)पुत्र मालुराम वडेरा निवासी तलाई गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय भर्ती करवाया। जहां रात में दोनों की मौत हो गई। बाघपुरा थानाधिकारी करनाराम ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### अवैध बंदूक सहित एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध बंदूक बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिए पा अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान सरेड़ी गांव के जंगल सेआरोपी विकास मीणा पुत्र शंकरलाल परमार निवासी सरेड़ी फला सुनारवाव खेरवाड़ा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध बंदूक बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

### अवैध शराब सहित कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के बैकरिया थाना पुलिस ने अवैध शराब से भरी कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पसिल अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक झाड़ोल नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकरी उत्तमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान कार को रोक तलाशी ली जिसमें 8 कर्टन अवैध शराब के पाए गए।

# स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर स्टीकर का विमोचन

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय द्वारा राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की 75वीं वर्षगांठ व स्थापना दिवस पर गुरुवार को राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा प्राप्त स्टीकर का विमोचन किया गया।

सी.ओ गाइड मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की 75वीं वर्षगांठ व स्थापना दिवस पर जिला कलक्टर बालमुकुन्द असावा, एडीएम नरेश बुनकर व एसपी मनीष त्रिपाठी ने स्टीकर का विमोचन किया। सी.ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि 6 नवम्बर से 8 नवम्बर तक स्काउट जिला मुख्यालय पर नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब सदस्यों का प्रकृति अध्ययन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन बुधवार को फ्लैग सेरेमनी के साथ हुआ।

■ प्रकृति संरक्षण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, नारा-लेखन व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

प्रथम दिवस पर सम्भागियों द्वारा प्रकृति संरक्षण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, नारा-लेखन व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर स्काउट गाइड द्वारा प्रात:कालीन सेशन में बी.पी सिक्स व्यायाम व मनोरंजन खेल के बाद एक जन चेतना रैली स्काउट जिला मुख्यालय से आरके हॉस्पीटल, हाउसिंग बोर्ड, सुभाष पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय के पास से होते हुए धोइन्दा स्थित चितेश्वर महादेव तक निकाली, हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर स्काउट -गाइड ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण संबंधित नारे लगाते हुए आम जन तक अपना सन्देश पहुंचाया। चितेश्वर महादेव मंदिर पर स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर ने प्रकृति संरक्षण पर अपनी वार्ता देकर जिले के रोल मॉडल वालियन्टर्स को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पुन: शिविर स्थल पर आने पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार व्यास ने स्काउट -गाइड को अपनी वार्ता से लाभान्वित किया। सी.ओ गाइड ने व्यास का संगठन का स्कार्फ व प्रसादी ईकलाई से अभिनंदन किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक ने बताया कि शिविर में संचालक दल में राधेश्याम राणा, धर्मेन्द्र गुर्जर, माधवलाल जटिया, देवीलाल गुर्जर, रामसिंह सेवा प्रदान कर रहे हैं।

## लगाए पंचायत प्रभारी

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनावों के क्रम में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र की सलूंबर पंचायत,सराड़ा पंचायत,सेमारी पंचायत, झल्लारा पंचायत और सलूंबर नगर में पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए हैं।

ये सभी प्रभारीगण अपने.अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी रेशमा मीणा के समर्थन में प्रचार.प्रसार तथा जनसंपर्क कार्यक्रम कर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करेंगे।

# उदयपुर इंटैक चैप्टर के युवा संयोजक बने गौरव सिंघवी

**उदयपुर, (कासं)।** युवा समाजसेवी गौरव सिंघवी को भारतीय राष्ट्रीय कला और सांस्कृतिक धरोहर ट्रस्ट (इंटैक) के उदयपुर चैप्टर का संयोजक नियुक्त किया गया है, वे 2006 से संगठन से जुड़े हैं। उनके साथ सुशील दशोरा सह-संयोजक के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इंटैक के सदस्य सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी रविन्द्र सिंह ने इन दोनों पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपते हुए उदयपुर चैप्टर की जिम्मेदारी सौंपी है।

नई जिम्मेदारी मिलने के बाद गौरव ने कहा कि अपने रूचि क्षेत्रों में युवा सदस्य बनकर इस कार्य में योगदान दे सकते हैं और साथ ही उदयपुर की समृद्ध संस्कृति, कला और धरोहरों जैसे प्राकृतिक धरोहर, निर्मित धरोहर, सांस्कृतिक धरोहर, लोक नृत्य, संगीत, भोजन, परिधान, वाद्ययंत्र, लुप्त होती शिल्पकला, परंपराओं इत्यादि को बचाने, संरक्षित करने और दस्तावेज करने का अनमोल अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। सिंघवी ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इंटैक से जुड़ें और उदयपुर की धरोहर, कला, और संस्कृति को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए कई नए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर, लोक नृत्य, संगीत, पारंपरिक भोजन, पहनावा, वाद्ययंत्र, विलुप्त हो रही शिल्पकलाएं, पारिवारिक परंपराएं, और रीति-रिवाजों का संरक्षण शामिल होगा सिंघवी ने विशेष रूप से उन महिलाओं को आमंत्रित किया है जो अपनी पारिवारिक परंपराओं को अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना चाहती हैं। शिल्प, कला, चित्रकला, नृत्य, संगीत आदि में उत्कृष्टता प्राप्त शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया ईवीएम सीलिंग कार्य का निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** विधानसभा उपचुनाव-2024 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जारी है। गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने फहत स्कूल में ईवीएम सीलिंग कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उप चुनाव के लिए नियुक्त सभी अधिकारी-कार्मिकों को निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करते हुए सभी सौंपे गये दायित्वों को निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इधर सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले चिह्नीत मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का प्रथम चरण जारी है। सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के चौथे दिन गुरुवार को कुल 151 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान कर अपना फर्ज़ निभाया। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मत की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनसे मतदान कराया।

## मेडिकल कॉलेज को देह दान

उदयपुर, (कासं)। मनोहर लाल चंडालिया पिता कालूराम चंडालिया निवासी मेहता जी की खिड़की,उदयपुर का देहावसान 6 नवंबर को हो जाने से दिवंगत की इच्छानुसार पार्थिक शरीर को देहदान के रूप में रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कालेज के एनाटोमी विभाग को भेंट की। दिवंगत की इच्छानुसार उनके पुत्रों ने मेहता जी की खिड़की निवास से चंडालिया के पार्थिक शरीर को एनाटोमी विभाग, रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कालेजकी विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण ओझा एवं डॉ सुनील शर्मा को भेंट किया।

## सार-समाचार

### पशु आवासीय घर वितरित किए

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के जन्मदिन पर भाजपा नेता डॉ. जिनेंद्र शास्त्री ने 11 पशु आवासीय घर वितरण किए गए। रवि भावसार ने बताया की डॉ. जिनेंद्र शास्त्री ने शब्दों द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की सर्दी में गर्भवती श्वान व उसके बच्चे के लिए निशुल्क 108 पशु आवासीय घर वितरण किए जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारा चंद जैन ने कहा कि जीव दया से जुड़े हुए कार्य करने से आत्मिय संतुष्टि मिलती है एवं जीवदया सर्वोच्च सेवा है। धन्यवाद उदयपुर एनिमल फीड की संस्थापक श्रीमती डिंपल भावसार ने किया। इस अवसर पर राम कृपा शर्मा, राजकुमार भोरावत, जयेश चम्पावत, इरशाद चैनवाला, लव देव बागड़ी, मनीष दामावत, हेमंत पंचोली, राव उमराव सिंह, सुरेंद्र संगावत, मुकेश भगनोत, विशाल राय वर्मा समाजसेवी लव शर्मा, भगवती लोहार, नितेश जैन आदि मौजूद थे।

### बाल श्रमिक मुक्त कराया

**उदयपुर, (कासं)।** मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने कार्यवाही करते हुए एक बाल श्रमिक को मुक्त करवाया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता के सुपरविजन में मानव तस्करी विरोधी यूनिट प्रभारी रेखा के नेतृत्व में गठित दल ने गुरूवार को टी एण्ड ज्यूश सेंटर देवी रोड़ फतहपुरा चौराहा अम्बामाता पर कार्यवाही करते हुए एक बाल रमिक को मुक्त करवा बाल कलयाण समिति के समक्ष पेश कर उसे शेल्टर होम भिजवा कर अम्बामाता पुलिस थाने में नियोक्ता पृथ्वीराज डांगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

### तीन दिवसीय उत्सव आज से

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में कला, विज्ञान, ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम का तीन दिवसीय उदयपुर शुक्रवार से शुरू होगा। इस महोत्सव में 20 से अधिक कार्यशालाएं होंगी जिसमें विभिन्न विधाओं के जानकार भाग लेंगे।महोत्सव के संयोजक केतन भट्ट ने बताया कि कला, विज्ञान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित 'आर्टमोस्टफेयर' का आयोजन भुवाणा स्थित थर्ड स्पेस में होगा। उदयपुर में पहली बार होने वाले इस महोत्सव में 20 से ज्यादा कार्यशालाएं होगी। जिसमें इत्र बनाने, अपनी चॉकलेट कैसे बनाएं, कत्थक नृत्य, वॉल क्लामिंग, भरत नाट्यम और मिलिट से खाद्य वस्तुएं बनाने जैसी विधाएं शामिल है। इसके अलावा जयपुर के युग बैंड का कॉन्सर्ट, ओडिसी नृत्य, व ताल सूत्र का गायन होगा।

### भारत स्काउट गाइड फ्लैग का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय उदयपुर की ओर से भारत स्काउट व गाइड संगठन का स्थापना दिवस झंडा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने भारत स्काउट गाइड फ़्लैग का विमोचन किया और स्काउट गाइड संगठन को आर्थिक सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कलक्टर पोसवाल ने कहा कि जिले में भारत स्काउट व गाइड संगठन बहुत ही बेहतरीन ढंग से समसामयिक सेवा प्रकल्पों में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रारंभ में सीओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने कलक्टर को भारत स्काउट व गाइड संगठन का स्कार्फ पहनाकर भारत स्काउट व गाइड का फ़्लैग व प्रतीक चिह्न लगाया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मनमोहन स्वर्णकार ने मेवाड़ी परंपरानुसार इकलाई पहनाकर तथा सीओ गाइड विजय लक्ष्मी वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेट कर कलक्टर का अभिवादन किया।

### अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल

**उदयपुर, (कासं)।** नाकोड़ा नगर विकास समिति के पदाधिकारी गुरूवार को क्षेत्र में पेयजल समस्या एवं सड़क नाले निर्माण तथा अन्य समस्याओं के लिए यूआईटी के अधिकारियों एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों से मिले। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक गुलाब सिंह सिसोदिया, भैरू सिंह राठौड़, महेश व्यास, हरीश जोशी, सरपंच शंकर लाल गमेती, मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया आदि द्वारा क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन में हो रही देरी से अधिकारियों को अवगत कराया वहीं खस्ता हाल एवं टूटी हुई सड़कों की मरम्मत की भी मांग की।

# कंदीय फसल अनुसंधान परियोजना की समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय के सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की अखिल भारतीय समन्वित कंदीय फसल अनुसंधान परियोजना के उत्तर एवं पश्चिमी क्षेत्र की दो दिवसीय समीक्षा दल बैठक का शुभारम्भ हुआ। इस बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की कंदीय फसल अनुसंधान परियोजना की पांच वर्षीय कार्यों की समीक्षा की जायेगी। जिसमें देश के 4 विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के केन्द्र के वैज्ञानिक अपने कायों की प्रगति की समीक्षा हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर ने अपना संदेश साझा करते हुए बताया कि पंचवर्षीय समीक्षा दल बैठक अनुसंधान कार्यों के मूल्यांकन एवं समीक्षा हेतु एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक होती है। इस उच्च स्तरीय समीक्षा दल के सदस्य अतिअनुभवी पूर्व कुलपति एवं पूर्व निदेशक व अधिष्ठाता स्तर के अधिकारी होते है। समीक्षा दल की बैठक में विगत पांच वर्षों के अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की जाती है तथा आने वाले समय में अनुसंधान कार्य को दिशा प्रदान की जाती है। डॉ. कर्नाटक ने संदेश में कहा कि मेवाड़ क्षेत्र की जनजातियों का प्रमुख व्यवसाय कंदीय फसल है। जिसकी आय द्वारा अपना जीवनयापन करते है। माननीय कुलपति ने जोर दिया कि कंदीय फसलों पर जलवायु अनुकूलित एवं जैविक अनुसंधान होना चाहिए जिससे कृषकों की उपज में बढोतरी के साथ-साथ आय में भी वृद्धि हो सके।कार्यक्रम एवं समीक्षा दल के अध्यक्ष डॉ. एस. डी. शिखामणी, पूर्व कुलपति,डॉ. वाई. एस. आर. उद्यानिकी विवि, आन्ध्रप्रदेश ने कहा कि आज के समय में कंदीय फसल भोजन का अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान के अन्तर्गत देश में 21 विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित कंदीय फसल अनुसंधान परियोजना संचालित हो रही है। जिसमें शकरकंद, रतालु, अरवी, सुरण, हल्दी एवं अदरक फसलों पर सघन अनुसंधान जारी है।केन्द्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान, तिरूवनन्तपुरम के निदेशक एवं परियोजना निदेशक डॉ. जी. बायजू ने कहा कि कन्दियों फसलों पर पिछले पांच वर्षों में सम्पूर्ण देश में 43 उन्नत किस्में विकसित की गई जिससे कृषकों की बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि देश के 21 केन्द्र अपने स्तर पर कन्दिय फसलों के जर्मप्लाज्म संरक्षित रखते है। डॉ. अरविन्द वर्मा, अनुसंधान निदेशक ने समीक्षा दल के सदस्यों एवं विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों से पधारे हुए परियोजना प्रभारियों एवं वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए कहा कि मेवाड़ कृषि के लिए कन्दीय फसल एक महत्वपूर्ण इनपुट है इसके राजस्थान के परिपेक्ष में इन फसलों का उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा तीन तकनीकी बुलेटिन का विमोचन किया गया। डॉ. विरेन्द्र सिंह, सह आचार्य एवं परियोजना प्रभारी, अखिल भारतीय समन्वित कंदीय फसल अनुसंधान परियोजना ने पधारे हुए अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का धन्यवाद प्रेषित किया।

■ केन्द्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान, तिरूवनन्तपुरम के निदेशक एवं परियोजना निदेशक डॉ. जी. बायजू ने कहा कि कन्दियों फसलों पर पांच वर्षों में सम्पूर्ण देश में 43 उन्नत किस्में विकसित की गई

## पानी की मांग लेकर किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** समीपवर्ती ग्राम मनवाखेडा में पीछले 11 माह से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है और पूरे गांव विगत 22 दिनों से नियमित जलापूर्ति नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को मेवाड़ किसान संघर्ष समिति उदयपुर के बैनर तले जंगी प्रदर्शन किया गया।

संघर्ष समिति के संयोजक विष्णु पटेल ने बताया कि विगत 11 माह से जलापूर्ति नहीं होने से सरकार हर प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तभी ग्रामवासियों को यह कदम उठाना पड़ा है। पटेल ने बताया अगर दो तीन दिन में समस्या का समाधान विभाग नहीं करता है। अब उग्र रूप आन्दोलन किया जाएगा। क्योंकि अभी किसान खेती में लगे होने से कम आये है। लेकिन अगला आंदोलन जिला कलेक्टर कार्यलय के बहार किया जाएगा। प्रदर्शन में ग्राम पंचायत मनवाखेडा के उपसरपंच शंभू लाल डांगी, मेवाड़ किसान संघर्ष समिति के सहसंयोजक प्रेम चंद पटेल, तोली राम डांगी, वार्ड पंच नारायण लाल डांगी, मोड़ी राम डांगी, उदयलाल गमेती, डालचंद गमेती, ओम प्रकाश डांगी, हेमराज राव,अंबालाल डांगी,नारायण दास वैष्णव, रामेश्वर राव, गेहरीलाल गमेती, गमेरलाल मेघवाल, जमना लाल डांगी आदि मौजूद थे।


**आम सूचना**

मैंने अपने नाम से एक्मे फीनट्रेड (इण्डिया) लिमिटेड में एक एफडीआर करवा रखी है जिसके सर्टिफिकेट नम्बर 008599 दिनांक 10.08.2015 से 10.08.2020 तक 60 माह के लिए करवाई थी। जो वर्तमान में रनिंग में है। उक्त असल एफडीआर एक्मे फीनट्रेड द्वारा दी गई थी। जो कि असल ही मेरे द्वारा कहीं गुम हो गई है। जो काफी तलाश करने के उपरान्त भी नहीं मिल रही है। उक्त असल एफडीआर की गुमशुदगी रिपोर्ट पुलिस थाना अम्बामाता में करवा रखी है।

मेरा पता : अमर सिंह चुण्डावत पिता स्व. श्री कालुसिंह जी चुण्डावत निवासी: म.न. 24, अलकापुरी महाकाल मंदिर रोड़, पुलिस थाना अंबामाता उदयपुर (राज.) मोबाइल: 9828142070


## राशन डीलर गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गबन करने के आरोपी राशन डिलर को कसारवाडी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि 9 मार्च 2024 को प्रवर्तन निरीक्षण लालशंकर डामोर ने राशन डिलर कांतिलाल पुत्र खातु बारिया निवासी हरेन्द्रगढ हाल उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत डूंगरा बडा भाग द्वितीय के विरुद्ध 98.46 क्विंटल गेहूं का गबन एवं दुरुपयोग कर खुर्द बुर्द किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अनुसंधान के बाद गिरफ्तारी के लिये आरोपी की तलाश की गयी लेकिन वह फरार हो गया। आज पुलिस ने राशन डिलर कांतिलाल को डिटेन कर गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में कसारवाडी थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह शक्तावत, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमपाल, कांस्टेबल मदनलाल चौधरी तथा कुशलगढ थाने के कांस्टेबल दिनेशचंद्र शामिल रहे।

# बैठक में वृक्षारोपण व सौंदर्यीकरण पर की चर्चा

**उदयपुर, (कासं)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीपल समिति की मासिक बैठक गुरुवार को फील्ड क्लब में आयोजित हुई। बैठक के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने एमपीयूएटी परिसर में वृक्षारोपण और भूताला गांव में सौंदर्यीकरण पर चर्चा करते हुए आगामी कार्य योजना पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी उदयपुर के साथ वृक्षारोपण के प्रयासों को गति देने पूर्व में वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में हुई वार्ता व सहमति के मद्देनजर एमओयू का ड्राफ्ट तैयार कर भिजवाने का निर्णय लिया। तदनुसार विश्वविद्यालय परिसर में मिलने वाली भूमि पर वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने के कार्य को हाथ में लेने का निर्णय लिया गया। भूताला गांव में तालाब व पहाड़ों के साथ अन्य जगह हुए सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए यहां एक विजिट करने की बात कही। सदस्यों ने शहर के पार्कों को प्रशासन के सहयोग से और अधिक सुंदर बनाने का सुझाव दिया। बैठक में एडीजी पुलिस हाउसिंग आईपीएस विनीता ठाकुर के सज्जनगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में किए गए लेंटाना उन्मूलन के कार्यक्रम को याद करते हुए जीपीएस सदस्यों ने सुझाव दिया। बैठक में समिति सदस्य श्याम दवे, यासीन पठान, इंद्रजीत माथुर, सोहेल मजबूर, शरद श्रीवास्तव, ललित जोशी, एसके वशिष्ठ, प्रताप सिंह, अरुण सोनी, गौरव द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

■ पार्कों को और अधिक सुंदर बनाने का सुझाव दिया


